प्रेषक:

निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला

सेवा में

राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी
राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी

यादि क्रमांक 1/112–2024 eGov./IT Cell
दिनांक, पंचकूला 23.05.2025

**विषय: सभी कर्मचारियों का डाटा एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपडेट करवाने बारे।**

*******

उपरोक्त विषय पर विभाग के आदेश दिनांक 17.04.2025 की निरन्तरता में।

आपको विभाग द्वारा प्रत्येक कर्मचारी की सही व पूर्ण जानकारी एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपडेट करने हेतु लिखा गया था। इसके सम्बन्ध में personal profile बारे सही व पूर्ण जानकारी सुनिश्चित करना प्रत्येक कर्मचारी की अपनी जिम्मेवारी है, और सभी कर्मचारियों का वर्तमान कार्यस्थल व पदनाम से सम्बन्धित सही जानकारी एम0आई0एस0 पोर्टल पर सुनिश्चित करना सभी डी0डी0ओ0 द्वारा सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। परन्तु अभी भी बहुत से कर्मचारियों का वर्तमान कार्यस्थल व पदनाम सम्बन्धित डाटा एम0आई0एस0 पोर्टल पर गलत है जोकि रिक्ती सूची को भी प्रभावित करता है।

इसलिए सभी कर्मचारियों का वर्तमान कार्यस्थल व पदनाम सम्बन्धित डाटा के सत्यापन हेतु एम0आई0एस0 पोर्टल पर सभी विद्यालयों/कार्यालयों के एम0आई0एस0 लॉगिन में जरूरी प्रावधान "School Employee working status Module" के अर्न्तगत दिया गया है। जिसके तहत सभी विद्यालय/कार्यालय के डी0डी0ओ0 को उनके अर्न्तगत कार्यरत सभी कर्मचारियों के लिए **"Yes"** विकल्प का चयन करके सत्यापन करना होगा। यदि कोई कर्मचारी उनके कार्यालय में कार्यरत नहीं है परन्तु सूची में दिखाए जा रहे है उनके लिए **"No"** विकल्प का चयन करते हुए सही कारण जैसे Joined on other post of this Department, Joined in other Department, Never Reported in School for Joining आदि भी बताना है। इसके लिए सभी मुखिया की सहायता हेतु User Manual भी इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि आपके जिले में कार्यरत सभी डी0डी0ओ0 को जरूरी दिशा निर्देश जारी करते हुए इस कार्य को दिनांक 26.05.2025 तक पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित करें कि सत्यापन प्रक्रिया सही तथ्यों पर आधारित हों तथा किसी प्रकार की गलती या लापरवाही के लिए आप व सम्बंधित डी0डी0ओ0 स्वयं जिम्मेवार होंगे।

23/5/25
अधीक्षक (आईटी)
कृतेः निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला।

पृष्ठाकन क्रमांक– 1/112–2024 eGov./IT Cell दिनांक, पंचकुला 23.05.2025

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रस्तुत हैः

1. पी0ए0/ महानिदेशक मौलिक शिक्षा।
2. पी0एस0/ निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा।

23/5/25
अधीक्षक (आईटी)
कृतेः निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला।